भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 209
दिनांक 02 **फरवरी**, 2023

इथेनॉल का उत्पादन

209. **डॉ. कलानिधि वीरास्वामी**:
श्री कृपानाथ मल्लाह:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान इथेनॉल उत्पादन क्षमता और इसके स्रोतों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने वाहनों द्वारा इसे अपनाए जाने के आधार पर देश में इसकी मांग का अनुमान लगाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में इसके उत्पादन का विस्तार करने की योजना का प्रस्ताव किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने देश में इसके उत्पादन के संबंध में कोई नया लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) देश में वर्तमान वार्षिक एथेनॉल उत्पादन क्षमता लगभग 1037 करोड़ लीटर है जिसमें लगभग 700 करोड़ लीटर शीरा आधारित और लगभग 337 करोड़ लीटर खाद्यान्न आधारित उत्पादन क्षमता शामिल है। सार्वजनिक क्षेत्र के केन्द्रीय तेल उपक्रम (सीपीएसईज) भी पानीपत (हरियाणा), भटिंडा (पंजाब) और बारगढ़ (ओडिशा) में प्रत्येक 100 कि.ली. प्रतिदिन (केएलपीडी) की उत्पादन क्षमता वाली और नुमालीगढ़ (असम) में 185 केएलपीडी उत्पादन क्षमता वाली दूसरी पीढ़ी (2जी) एथेनॉल जैव रिफाइनरियों की स्थापना कर रहे हैं।

(ख) नीति आयोग द्वारा तैयार किए गए रोड मैप, जो मोटर स्पिरिट (एमएस) की अनुमानित बिक्री पर आधारित है, के अनुसार पेट्रोल में मिश्रण के लिए एथेनॉल की अनुमानित आवश्यकता एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2022-23 के लिए 542 करोड़ लीटर, ईएसवाई 2023-24 के लिए 698 करोड़ लीटर, ईएसवाई 2024-25 के लिए 988 करोड़ लीटर तथा ईएसवाई 2025-26 के लिए 1016 करोड़ लीटर है।

(ग) और (घ) सरकार ने देश में एथेनॉल का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। चीनी मिलों और आसवनियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एथेनॉल ब्याज इमदाद योजना के तहत लगभग 4012 करोड़ लीटर की अनुमानित एथेनॉल उत्पादन क्षमता वाली कुल 1141 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है। इसके अलावा, एथेनॉल की कमी वाले राज्यों में निर्जल एथेनॉल की आपूर्ति हेतु भावी समर्पित एथेनॉल संयंत्रों के साथ दीर्घकालिक ऑफटेक करार (एलटीओए) पर हस्ताक्षर करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की थी। इस ईओआई के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने विभिन्न राज्यों में 131 समर्पित एथेनॉल संयंत्र प्रस्तावकों के साथ एलटीओए पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे आने वाले कुछ वर्षों में एथेनॉल की अनुमानित उत्पादन क्षमता में लगभग 745 करोड़ लीटर प्रति वर्ष की वृ होगी।

****